भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

महाराष्ट्र MAHARASHTRA ◑ 2022 ◑ 14AA 467197

उपकोषागार अधिकारी

22 SEP 2022

SUB TREASURY OFFICER PATAN

जोडपत्र- २/ Annexure L

खालील शिक्का प्रतिज्ञापत्रा व्यतिरिक्त वापरण्यात येणाऱ्या मुद्रांकावर उमटवावा

| | |
|---|---|
| मुद्रांक विक्री नोंदवही अनुक्रमांक/दिनांक (Serial No./Date) | ६६६१ 29 SEP 2022 |
| दस्ताचा प्रकार (Nature of document) | सामंजस्य करार कामी |
| दस्त नोंदणी करणार आहेत का? (Whether it is to be registered?) | होय/नाही Yes/No. |
| मिळकतीचे थोडक्यात वर्णन- (Property Purchaser's Name & Signature) | |
| मुद्रांक विकत घेणाऱ्याचे नांव व सही (Stamp Purchaser's Name & Signature) | प्राचार्य काकासाहेब चव्हाण महाविद्यालय तळमावले, ता.पाटण (सातारा) |
| हस्ते असल्यास त्यांचे नांव, पत्ता, सही (If through other person their Name Add. & Sign.) | दीडमणी आर. बी. |
| दुसऱ्या पक्षकाराचे नांव (Name of the other party) | रा. तळमावले |
| मुद्रांक शुल्क रक्कम (Stamp Duty Amount) | Rs.100/- |

श्री. अ. ग. काळे (प.क्र.२३०९०१३) मुद्रांक विक्रेत्याची सही

मु. वि. ठिकाण व पत्ता- ढेबेवाडी, ता. पाटण, जि. सातारा

ज्या कारणासाठी ज्यांनी मुद्रांक खरेदी केला त्यांनी त्याच कारणासाठी मुद्रांक खरेदी केल्यापासून ६ महिन्यात वापरणे बंधनकारक आहे

# समन्वय अनुबंध

(सामंजस्य करार)

(MEMORANDUM OF UNDERSTANDING)

शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद,

विमल निवास, प्लॉट नं.13 त्रिमूर्ति कॉलनी, सांगली.

(पंजीकरण-महाराष्ट्र/ 433/14)

और

काकासाहेब चव्हाण कॉलेज,तळमावले

तहसिल-पाटण,जिला- सातारा, पिन- 415103

भारत जैसे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र को अपनी अस्मिता, राष्ट्रीय एकता तथा अंतर्प्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा की नितांत आवश्यकता है| सैंकडो वर्षो से हिंदी यह कार्य बखूबी करती आई है| 'शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद, सांगली' यह संस्था महाराष्ट्र में राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करनेवाली एक समाजसेवी परिषद है| इस परिषद द्वारा वार्षिक अधिवेशन, राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुनर्रचित पाठयक्रम संबंधी कार्यशाला आदि के संयोजन के लिए बौद्धिक सहयोग दिया जाता है| भविष्य में विभिन्न प्रकार की व्याख्यानमलाएँ, संमेलन, परिसंवाद, साप्ताहिक कोर्स, वक्तृत्व, लेखन, पठन, मंचन आदि प्रतियोगिताओ के आयोजन का भी मानस है|

संक्षेप में 'शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद' राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक प्रवृत्तियो का संचालन करनेवाली तथा राष्ट्रीय एकात्मता को बढावा देने का सराहनीय कार्य कर रही है| यह परिषद 'हिंदी है हम' इस नारे को जनमानस पर अंकित कर रही है|

अतः 'शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद, सांगली' और 'काकासाहेब चव्हाण कॉलेज,तळमावले तहसिल-पाटण,जिला- सातारा के बीच शनिवार दि. 05 नवंबर, 2022 को पांच वर्षो (सन. 2022 से 2027) तक के लिए समन्वय (सामंजस्य करार) संपन्न हो रहा है| इस अनुबंध का उद्देश्य निम्नानुसार स्पष्ट है|

K. C. COLLEGE Estd 1969 Talmavale, Tal-Patan (Satara)

क) नीति :

1. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना| राष्ट्रभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना, जिससे राष्ट्रभाषा का स्वरूप सर्वग्राह्य बन सके|

2. राष्ट्रभाषा हिंदी का विकास देश की अन्य प्रादेशिक भाषाओ के संपर्क और उनके विकास के साथ संपन्न होता रहे|

3. अहिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी को प्रचारित- प्रसारित कर राष्ट्रभाषा के महत्व को स्थापित करना|

4. अन्यान्य प्रदेशो में प्रादेशिक भाषाओ का स्थान और सम्मान बना रहे तथा अंतर्प्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रयोग हो|

5. राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रयोग द्‌वारा राष्ट्रीय एकात्मता निर्माण हो|

ख) उद्देश्य :

1. राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करना तथा भारतीय संविधान के 17 वे भाग के 343 वी धारा में निर्देशित राजभाषा हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी के प्रचार और विकास में सहायता प्रदान करना|

2. राजभाषा हिंदी की पढाई का प्रावधान करना|

3. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना|

4. भारत में प्रचलित सभी भाषाओं, विशेष रूप से मराठी भाषा के द्‌वारा हिंदी के विकास में सहायता प्रदान करने का प्रयास करना, मराठी तथा भारत में प्रचलित सभी भाषाओ का हिंदी के साथ पारस्पारिक संबंध दृढ करने के लिए मराठी आदि भाषाओं की पढाई का

प्रावधान करना। उसके माध्यम से सभी पोषक प्रवृत्तियो को चलाना तथा राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करना।

ग) कार्यक्रम :

1. 14 सितम्बर 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में व्याख्यान एवं विविध प्रतियोगिताओ का आयोजन।

2. राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

3. हिंदीभिमुख कार्यशाला का आयोजन।

4. 10 जनवरी 'विश्व हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन।

घ) नियम :

1. स्वखर्च से एक-दूसरे को सहयोग देना।

2. समन्वय अनुबंध की बातो का आवश्यकतानुसार नूतनीकरण करना।

3. पूर्व लिखित सूचना के साथ दोनो में से किसी भी संस्था को अनुबंध समाप्ति का अधिकार रहेगा।

4. परस्पर संमति से निर्धारित कालावधी के बाद फिर से पांच वर्षो के लिए यह समन्वय अनुबंध नियमित जारी रखा जा सकता है। इसके लिए निश्चित तारीख तथा लिखित अनुमति की आवश्यकता रहेगी।

च) समन्वय :

1. प्रस्तुत समन्वय अनुबंध के जिम्मेदार 'शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद' के अध्यक्ष/सचिव तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य तथा विभाग प्रमुख रहेंगे।

2. प्रस्तुत समन्वय अनुबंध कानूनन प्रावधानों के साथ दो प्रतियों में कार्यान्वित हो रहा है|

उपर्युक्त दिनांक और वर्षानुसार प्रस्तुत समन्वय अनुबंध पर निम्नांकित समन्वयक अधिकारियो के हस्ताक्षर से अमल हो रहा है|

| | | |
|---|---|---|
| (श्री.महेश चव्हाण) | (डॉ. सुनिल बापू बनसोडे) | (डॉ.अरुण गाडे) |
| सहायक प्राध्यापक एवं | अध्यक्ष, | प्रधानाचार्य, |
| अध्यक्ष, हिंदी विभाग | शिवाजी विद्यापीठ हिंदी | काकासाहेब चव्हाण कॉलेज, |
| काकासाहेब चव्हाण कॉलेज, | प्राध्यापक परिषद | तळमावले तहसिल-पाटण. |
| तळमावले तहसिल-पाटण. | | |

Head
Department Of Hindi
K.C.College, Talmavale

शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद
पंजीकरण महाराष्ट्र/ 433/14

PRINCIPAL
KAKASAHEB CHAVAN COLLEGE
TALMAVALE, TAL-PATAN, DIST-SATARA

K. C. COLLEGE
Estd. 1969
Talmavale, Tal-Patan (Satara)

"ज्ञान, विज्ञान आणि सुसंस्कार यांसाठी शिक्षणप्रसार" - शिक्षणमहर्षी डॉ. बापूजी साळुंखे
Shri Swami Vivekanand Shikshan Sanstha, Kolhapur

# काकासाहेब चव्हाण कॉलेज, तळमावले
# KAKASAHEB CHAVAN COLLEGE, TALMAVALE

Tal. Patan, Dist. Satara 415 103
(Affiliated To Shivaji University, Kolhapur)
ARTS / COMMERCE / SCIENCE
Off. / FAX : (02372)272060 Prin (02372)272417
Re-accredited by NAAC with 'B+' Grade (CGPA 2.68)

Sr. College
Estd : June 1969
Mah./UKF 8769/Dt.17-9-1969

Jr. College
HSC1479/30230/XII H.S.Director of Education, Maharashtra State 11-9-1979
Index No. J-21-09-002
UDISE No. 27310838102

• FOUNDER • Shikshanmaharshi Dr. Bapuji Salunkhe B.A.B.T.D.Lit
• PRESIDENT • Hon. Chandrakant (Dada) Patil, Ex.Minister, Revenue Relief & Rehabilitation Public Works, Govt. of Maharashtra
• EXECUTIVE PRESIDENT • Prin. Abhaykumar Salunkhe M.A.
• SECRETARY • Prin.Mrs. Shubhangi Gavade M.Sc.B.Ed.

PRINCIPAL :- Dr. ARUN GADE M.A., M.Phil., Ph.D. www.kcctalmavale.edu.in. kcc.talmavale@gmail.com

Ref. No. KCCT / 403/2022-23 Date : 13 NOV 2022

प्रतिष्ठा में,

मा. सचिव,
शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद,
सांगली|

विषय : शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद के साथ सामंजस्य करार (Memorandum of Understanding) के संदर्भ में....

महोदय,

'शिवाजी विद्यापीठ हिंदी प्राध्यापक परिषद' हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर परिक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रही है| हम आपकी इस बहुप्रतिष्ठित संस्था के साथ सामंजस्य करार (Memorandum of Understanding) करना चाहते हैं| जिससे आपके सहयोग से हमारे महाविद्यालय में सभा-संगोष्ठियो, प्रतियोगिताओ के आयोजन तथा प्राध्यापको के आदान-प्रदान आदि में सुविधा होगी|

उम्मीद है कि आप हमारे प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक सोचते हुए हमे परिषद के साथ जुडकर हिंदी की सेवा का अवसर प्रदान करेंगे|

उचित निर्णय की आशा के साथ,

धन्यवादसहित!

भवदीय,

(डॉ. अरुण गाडे)
PRINCIPAL
KAKASAHEB CHAVAN COLLEGE
TALMAVALE, TAL-PATAN, DIST-SATARA

(श्री. महेश चव्हाण)
सहायक प्राध्यापक एवं
अध्यक्ष, हिंदी विभाग

Head
Department Of Hindi
K.C.College, Talmavale